सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 32

09/01/2026

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, भोजपुर के सिविल इंजीनियरिंग के 16 छात्रों का प्रतिष्ठित इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की कंपनी में चयन

पटना 09 जनवरी, 2026 :– बिहार सरकार के विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, भोजपुर के सिविल इंजीनियरिंग संकाय के शैक्षणिक सत्र 2022दृ26 के कुल 16 छात्रों का चयन इकोस्पेस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद के लिए किया गया है।

यह संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें पहले चरण में तकनीकी दक्षता पर आधारित ऑनलाइन परीक्षा तथा दूसरे चरण में व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल था। चयन प्रक्रिया का उद्देश्य अभ्यर्थियों की तकनीकी समझ, समस्या समाधान क्षमता एवं व्यावसायिक योग्यता का आकलन करना था। इस प्रक्रिया में सिविल इंजीनियरिंग के कुल 51 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 33 छात्र साक्षात्कार चरण के लिए चयनित हुए। सभी चरणों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रूप से 16 छात्रों का चयन किया गया।

कंपनी की नीति के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को छह माह का संरचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके उपरांत उन्हें ग्रेजुएट इंजीनियर के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। यह अवसर छात्रों को इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में व्यावसायिक विकास की सुदृढ़ संभावनाएँ प्रदान करेगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने चयनित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्थान में संचालित शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को रोजगार से जुड़ी चयन प्रक्रियाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों से आगे भी निरंतर अध्ययन और परिश्रम बनाए रखने की बात कही।

विदित हो कि विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित सभी अभियंत्रण महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ छात्रों की रोजगार सहभागिता से जुड़ी प्रक्रियाएँ नियमित रूप से संचालित की जाती हैं। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, भोजपुर में हुई यह चयन प्रक्रिया विभाग के अधीन संचालित तकनीकी संस्थानों में छात्रों की रोजगार सहभागिता से जुड़ा एक नियमित घटनाक्रम है।

———————————